दिन– रविवार दिनांक– 29 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया पहल की सफलता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता में देश के बडे उद्योगों के साथ–साथ छोटे दुकानदारों का योगदान भी शामिल है जिससे प्रत्येक सेक्टर को लाभ हुआ है, निर्यात बढ़ा है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आने वाले त्यौहारों के दौरान देश में बने उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहन देने के लिए क्रियेट इन इंडिया थीम के तहत पच्चीस चुनौतियां शुरू की हैं। उन्होंने देश के सृजनकारों से वेव्स्इंडिया डॉट ओआरजी पर इस चुनौती में भाग लेने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष दो अक्तूबर को दस वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इस मिशन की ही सफलता है कि कचरे से संपदा मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोगों ने रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल की बात करनी शुरू कर दी है। उन्होंने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की। श्री मोदी ने पौधरोपण महाअभियान एक पेड मां के नाम में भाग लेने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पूरे समाज को इसके आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं जो कि निश्चित रूप से प्रेरणादायी हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में संरक्षित किया गया पानी, गर्मी के दिनों में बहुत ही मददगार साबित हो सकता है।

मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कडी में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कड़ी उनके लिए विशेष रूप से भावुक कर देने वाली है क्योंकि इसके साथ ही इस कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल पहले विजयदशमी के दिन तीन अक्तूबर को मन की बात कार्यक्रम शुरू हुआ था और इस वर्ष तीन अक्तूबर को नवरात्र का पहला दिन होगा। मन की बात के श्रोताओं को इस कार्यक्रम का असली सूत्रधार बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि मन की बात ने साबित कर दिया है कि देश के लोग सकारात्मक सूचनाओं के लिए कितने उत्सुक और लालायित हैं। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती से जुडे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से ही ये कार्यक्रम इस महत्वपूर्ण पडाव तक पहुंच सका है।

———————————————————————

कोसी और गंडक बराज से भारी मात्रा मे पानी छोड़े जाने से राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व के तेरह जिलों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती, महानन्दा समेत इस क्षेत्र की सभी नदियां उफान पर है। कोसी बराज और गंडक बराज से आज भी पानी छोड़ने का सिलसिला जारी है। सरहसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णियां, कटिहार समेत विभिन्न जिलों में एक बड़ी आबादी बाढ़ का सामना कर रही है।

इधर, पश्चिम चंपारण स्थित बाल्मिकीनगर गंडक बराज के सभी छत्तीस फाटक खोल दिए गए हैं और प्रशासनिक टीम राहत कार्य में जूटी हुई है। सीतामढ़ी के बेलसंड प्रखंड अंतर्गत मधकौल गांव के पास बागमती नदी का तटबंध टूटने से कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। वहीं, शिवहर जिले के पिपराही प्रखंड अंतर्गत बेलवा के पास बागमती तटबंध में दरार आ जाने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। कटिहार रेल मंडल के जोगबनी में रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने से रेल यातायात प्रभावित हो गया है। रेलवे ने जोगबनी तक रेल परिचालन अस्थायी तौर पर स्थगित कर दिया है।

———————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान–निफ्ट को विश्व स्तरीय ब्रांड बनाया जायेगा। श्री सिंह आज निफ्ट पटना के विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे।

———————————————————————

समाप्त